**Regarding Online issuance of Police Reports and need for digitalization to ensure transparency and better governance**

श्री बृजमोहन अग्रवाल (रायपुर) : सभापति महोदया, पब्लिक सर्विस डिलीवरी सिस्टम को मजबूत करने और मिडिल क्लास के लिए ईज ऑफ लिविंग को बेहतर बनाने के लिए यह जरूरी है कि जो पुलिस रिपोर्ट है, जैसे इंश योर्ड सामान की चोरी के लिए नॉन पेरिशबल सर्टिफिकेट और अननेचुरल मौत के मामलों में पोस्टमार्टम रिपोर्ट जारी करने करने के लिए, डिजिटलाइजेशन एवं ऑटो-डिलीवरी किया जाए, जिससे कि फिजिकल इंट्रक्शन काफी कम हो जाएगा, जिससे रेट सिकिंग के मौके कम होंगे, ट्रांसपेरेंसी बढ़ेगी और सर्विसेज तक आसानी से बराबर एक्सेस मिलेगा । इससे इंश्योरेंस क्लेम और लीगल सेटलमेंट में तेजी आएगी, जिससे हर साल हजारों परिवारों को राहत मिलेगी । हाल ही में कर्नाटक के बेंगलुरु में हुई ऐसी ही घटना का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने रिश्वत के मामले में स्वयं संज्ञान लेते हुए कर्नाटक के चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी को नोटिस जारी किया है । इस सर्विस को मौजूदा क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एवं सिस्टम, सीसीटीएनएस से पोर्टल के साथ जोड़ने पर विचार कर सकते हैं, जिससे ऑनलाइन एप्लीकेशन, वेरिफिकेशन और ई-साइन की हुई कानूनी तौर पर वेलिड रिपोर्ट जारी करने की सुविधा मिल सके । इस कदम से सीधे तौर पर माननीय प्रधान मंत्री जी के मिनिमम गवर्नमेंट मैक्सिमम गवर्नेंस के विजन को सपोर्ट करते हुए पब्लिक सर्विस डिलीवरी को मजबूत करने और मिडिल क्लास के लिए ईज ऑफ लिविंग को बेहतर बनाने में मददगार होगा, क्योंकि माननीय सभापति महोदय, जो अप्राकृतिक मृत्यु होती हैं, और जो इंश्योरेंस क्लेम के सामान चोरी होते हैं, उनकी पुलिस रिपोर्ट लेने के लिए भी घूस देनी पड़ती है । अगर इसको ऑनलाइन कर दिया जाएगा, तो लोगों को बहुत आसानी होगी, इसके लिए मैं आग्रह करूंगा कि यदि सरकार इसके लिए डिजिटलाइजेशन करेगी तो सभी लोगों को बहुत सुविधा मिलेगी ।